प्रेस नोट

दिनांक 23.11.2024

पुलिस लाइन हमीरपुर एवं जनपद के समस्त थानों व चौकियों में "पुलिस झंडा दिवस" का आयोजन किया गया::-

आज दिनांक 23.11.2024 को "पुलिस झंडा दिवस” के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर द्वारा पुलिस लाइन हमीरपुर में पुलिस ध्वज फहराकर समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित किया गया।

साथ ही श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के संदेश को पढ़कर सुनाया गया एवं सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के वीर जवानों के शौर्य, कर्तव्य परायणता एवं उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा के फलस्वरुप ही भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, श्री जवाहर लाल नेहरु जी द्वारा दिनांक 23.11.1952 में सर्वप्रथम उ0प्र0 पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। उ0प्र0 पुलिस पूरे भारत का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरुप पुलिस कलर अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

इसी क्रम में मुख्य आरक्षी दयाशंकर व आरक्षी चालक रत्नेश कुमार को भारत सरकार द्वारा प्रदत्त उत्कृष्ट सेवा मेडल से सम्मानित कर पुलिस कर्मियों को उनके समर्पण, देशभक्ति और समाज सेवा के प्रति प्रेरित करते हुए अपने विचार साझा किए। उन्होंने पुलिस के दायित्वों और उनकी भूमिका को याद दिलाते हुए कहा कि यह दिन हमें हमारे देश के प्रति निष्ठा और कर्तव्यपरायणता का स्मरण कराता है।